बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना

अ.स.प.सं.वि.प.वि.- 90/2026 - 1457 (3) / वि.प. दिनांक- 07.11.2026

महोदय / महोदया,

निदेशानुसार सूचित करना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-174 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बिहार के माननीय राज्यपाल ने बिहार विधान परिषद् को सोमवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न परिषद् वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत करने की कृपा की है।

आहूत करने से संबंधित अधिसूचना की एक प्रति सहज निदेश हेतु इसके साथ संलग्न है।

अत: अनुरोध है कि नियत तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने की कृपा करें।

भवदीय

07/11/26

(शिव गोपाल मिश्र)
सचिव
बिहार विधान परिषद्

सेवा में,

श्री / श्रीमती.....

बिहार सरकार
संसदीय कार्य विभाग

: : अ धि सू च ना : :

संख्या-सं०का०-1/वि.मं.(सत्र)-01-01/2026- *1280* / पटना, दिनांक – 07.11.2026

बिहार के राज्यपाल का दिनांक- 06.11.2026 का निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की सूचना के लिए इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है :-

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, ले ज सय्यद अता हसनैन, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान परिषद् को दिनांक 30 नवम्बर, 2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान परिषद् वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत करता हूँ।

ले ज सय्यद अता हसनैन,
राज्यपाल, बिहार।"

दिनांक- 06.11.2026

ह०/-
(राजेश कुमार)
सरकार के अपर सचिव।

बिहार सरकार
संसदीय कार्य विभाग
: : अधिसूचना : :

संख्या-सं०का०-1/वि.मं.(सत्र)-01-01/2026- *1281* / पटना, दिनांक – 07.11.2026

अधिसूचना संख्या- 1280 दिनांक- 07.11.2026 का अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार राज्यपाल के प्राधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 348 के खंड (3) के अधीन अंग्रेजी में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा :-

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/-

(राजेश कुमार)

सरकार के अपर सचिव।

Government of Bihar
Department of Parliamentary Affairs
: : NOTIFICATION : :

Patna, Dated – 07.11.2026

No-P.A.-1/V.M. (Session)-01-01/2026–*1280* / The following order of the Governor of Bihar dated the **06.11.2026** is hereby published for general information :-

"In exercise of the powers under Clause (1) of Article 174 of the Constitution of India, I, Lt Gen Syed Ata Hasnain, Governor of Bihar, hereby summon the Bihar Legislative Council to meet at 11.00 AM on the 30th November, 2026 in the Council Chamber, Patna.

Lt Gen Syed Ata Hasnain

Governor of Bihar."

Dated- 06.11.2026

Sd/-

(Rajesh Kumar)

Additional Secy. to Govt.

बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना

पत्रांक – वि.प.वि. – 90/2026 - 1458 (3) / वि.प. ।

प्रेषक :

शिव गोपाल मिश्र
सचिव
बिहार विधान परिषद्

सेवा में,

बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण,

पटना, दिनांक –07.11.2026

विषय : भारतीय संविधान के अधीन संघटित बिहार विधान परिषद् के 214वें सत्र (माह नवम्बर-दिसम्बर, 2026) का अस्थायी कार्यक्रम ।

महोदय / महोदया,

दिनांक–30 नवम्बर, 2026 से प्रारम्भ होनेवाली बिहार विधान परिषद् की बैठकों में सम्पादित होनेवाले कार्यों को निपटाने के लिए नियत तिथियों के साथ अस्थायी कार्यक्रम संलग्न किया जाता है :

राजकीय विधेयक : बुधवार, दिनांक – 02 दिसम्बर, 2026 एवं वृहस्पतिवार, दिनांक – 03 दिसम्बर, 2026 को सभा अथवा सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजकीय विधेयक उस श्रेणी के कार्य के लिए नियत तिथि की कार्यावली में उसी क्रम में रखे जाएंगे, जो बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-20(1) के अधीन सदन नेता के परामर्श से माननीय कार्यकारी सभापति निदेशित करेंगे।

विराजकीय दिन : केवल एक दिन मंगलवार, दिनांक- 01 दिसम्बर, 2026 को विराजकीय कार्य निपटाने के लिए नियत किया गया है।

माननीय कार्यकारी सभापति, बिहार विधान परिषद् ने मंगलवार, दिनांक- 01 दिसम्बर, 2026 को विराजकीय संकल्प निपटाने तथा सचिव के कार्यालय वेश्म में शलाका द्वारा प्राथमिकता निर्धारित करने हेतु तिथियां निम्नवत् नियत की है :

विराजकीय संकल्प पर विचार करने की तिथि	**संकल्प प्राप्ति की अंतिम तिथि**	**शलाका की तिथि**
मंगलवार, दिनांक - **01.12.2026**	मंगलवार, दिनांक **17.11.2026** को 5.00 अपराह्न तक	सोमवार, दिनांक **23.11.2026** को 5.00 अपराह्न

किसी विशेष तिथि की कार्यावली के लिए शलाका में किसी भी सदस्य का एक ही श्रेणी का एक से अधिक प्रस्ताव अथवा संकल्प समाविष्ट नहीं किया जाएगा।

आशा है, आप ऐसे संकल्प की प्रतियां और कार्यसूची सहित अन्य पत्र या प्रतिवेदन, जो परिषद् सचिवालय द्वारा आपको समय-समय पर भेजे जाएं, सत्र में निदेश के लिए साथ लाने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन,

07/11/26

(शिव गोपाल मिश्र)
सचिव
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक-वि.प.वि.– 90/2026– 1458 / (3) वि.प. । दिनांक – 07.11.2026

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री, बिहार / माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, बिहार / माननीय मंत्रीगण / माननीय मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय / मुख्यमंत्री सचिवालय (चार प्रतियों में) / माननीय राज्यपाल, बिहार के आप्त सचिव / माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवासीय कार्यालय एवं बिहार विधान सभा स्थित कार्यालय वेश्म / प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा, पटना / लोकायुक्त, बिहार / महाधिवक्ता, बिहार / बिहार सरकार के सभी विभाग एवं विभागाध्यक्ष / सभी राज्यों के विधान मंडलों के सचिव / लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालय, नई दिल्ली / पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली / बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना / निदेशक, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार / अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना / समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना / जन-सम्पर्क पदाधिकारी एवं प्रभारी, नेवा सेल, बिहार विधान परिषद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

07/11/26

(ज्ञान प्रकाश)
निदेशक
बिहार विधान परिषद्

बिहार विधान परिषद् के 214वें सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम

नवम्बर – दिसम्बर, 2026

सोमवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2026	1. शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि हो) 2. बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों का परिषद् पटल पर रखा जाना (यदि हो) 3. वित्तीय वर्ष 2026-27 की द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी का उपस्थापन 4. शोक प्रकाश (यदि हो)
मंगलवार, दिनांक 01 दिसम्बर, 2026	गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प)
बुधवार, दिनांक 02 दिसम्बर, 2026 वृहस्पतिवार, दिनांक 03 दिसम्बर, 2026	राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य
शुक्रवार, दिनांक 04 दिसम्बर, 2026	वित्तीय वर्ष 2026-27 की द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक

* * * * *